# रायसेन जिले में धरना प्रदर्शन जारी, आज भी बंद का ऐलान

## गौहरगंज क्षेत्र में छह साल की मासूम से दुष्कर्म से लोगों में आक्रोश, बेगमगंज सहित कई जगहों पर प्रदर्शन



बेगमगंज में पुतला जलाया

**मंडीदीप 25 नवंबर. गौहरगंज थाना क्षेत्र में छह साल की मासूम से दुष्कर्म करने वाले आरोपी सलमान की गिरफ्तारी की मांग और उसे कड़ी सजा देने की मांग को लेकर चार दिन से प्रदर्शन जारी है.**

मंगलवार को भी गौहरगंज के थाने के सामने महिलाएं धरने पर बैठी रहीं. वहीं बेगमगंज, गैरतगंज, उदयपुरा सहित अन्य क्षेत्रों में लोगों ने प्रदर्शनी किया. बुधवार को सकल हिंदू समाज ने मंडीदीप, गौहरगंज, औबेदुल्लागंज बंद का ऐलान किया है. संगठन ने कहा है कि वर्षों से मोमबत्तियां जलाकर न्याय की भीख मांगी गई, लेकिन अपराधी बेलगाम है. इसके विरोध में बुधवार को क्षेत्र के बाज़ार बंद रखकर गौहरगंज में हिंदू आक्रोश धरना प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि अपराधियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित हो सके. मंडीद्वीप व्यापारी महासंघ ने सभी व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान बंद करने का आह्वान किया है एवं ज्यादा से ज्यादा संख्या में गौहरगंज पहुंचने की अपील की है.

बेगमगंज बस स्टैंड पर अ.भा. विद्यार्थी परिषद के बैनर तले सैकड़ो आक्रोशित विद्यार्थियों एवं लोगों ने प्रदर्शन करके पुतला जलाया. आंदोलनकारियों की मांग है कि आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और उसका एनकाउंटर किया जाए, ताकि पीड़ित मासूम को इंसाफ मिल सके. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर दुष्कर्म के आरोपी सलमान का पुतला जलाया गया. इस दौरान जाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी और बस स्टैंड चौराहे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी. आक्रोशित विद्यार्थियों की ज्ञापन में मांग रही है कि आरोपी सलमान की गिरफ्तारी जल्दी करके उसका एनकाउंटर किया जाए, कोर्ट कचहरी के चक्कर में कभी -कभी आरोपी बच निकलते हैं जिससे ऐसे दुष्कर्मियों के हौसले बुलन्द होते हैं और वे मासूमों को अपनी हवस का शिकार बनाते हैं.

### उदयपुरा नगर बंद रहा

### आरोपी को फांसी देने की मांग



**उदयपुरा, 25 नवंबर.** गौहरगंज क्षेत्र में 6 वर्षीय मासूम से हुई जघन्य वारदात को लेकर उदयपुरा नगर में गहरा आक्रोश व्याप्त है. इसी घटना को लेकर मंगलवार को सकल हिंदू समाज के नेतृत्व में नगर बंद के अलावा व्यापार महासंघ, हिंदू उत्सव समिति, बजरंग दल एवं मुस्लिम त्यौहार कमेटी आदि संगठनों ने संयुक्त रूप से गांधी चबूतरे से रैली निकाली, जिसमें रैली के आगे स्कूली छात्राएं हाथों में तख्ती रखे हुए दुष्कर्म सलमान को फांसी दो के नारे लगाते हुए चल रही थीं. रैली किराना मार्केट पुराना बस स्टैंड से थाना प्रांगण पहुंचा, जहां पर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार दिनेश बरगले एवं थाना प्रभारी जयवंत ककोड़िया को ज्ञापन देकर मांग की गई दुष्कर्म करने वाले आरोपी को सलमान उम्र 23 वर्ष को तत्काल गिरफ्तार कर फास्ट्रेक कोर्ट के माध्यम से शीघ्र फांसी की सजा दिलाई जाए. ज्ञापन देते समय व्यापार महासंघ संरक्षक शिवनारायण मालानी छोटे भैया, रघु केशव पटेल, शिबू लाल साहू, संदीप बिश्नोई, भगवान सिंह बड़कुर, राजेंद्र शंगू रघु, गिरधारी लाल जैन, लक्ष्मी नारायण सेन, जहीर कुरैशी, सगीरउद्दीन, शेख वजीर, मुईन भाई सहित सभी धर्म के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए.




## गैरतगंज में लोगों ने निकाली जनाक्रोश रैली

**गैरतगंज, 25 नवंबर. गौहरगंज थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय मासूम के साथ हुई अमानवीय वारदात को लेकर पूरे जिले में गहरा आक्रोश व्याप्त है. मंगलवार को गैरतगंज नगर में सुबह से ही बाजार बंद रखकर नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, व्यावसायिक और विभिन्न समाज के लोगों के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने एकत्र होकर शांतिपूर्ण विरोध रैली निकाली.**

सभी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी अमानवीय वारदातें समाज की संवेदनाओं को झकझोर देती हैं इसलिए त्वरित न्याय और कठोरतम कार्रवाई आवश्यक है. ब्लाक ग्राउंड से शुरू हुई रैली अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तक पहुंची, जहां नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरोज अग्निवंशी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपी सलमान को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजाई दी जाए. साथ ही मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी सहायता एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग भी की गई.

नागरिकों का कहना है कि मासूम बच्ची के साथ हुई बर्बरता घटना किसी भी संवेदनशील समाज में स्वीकार नहीं है. समय पर कार्रवाई और कठोर दंड ही ऐसे अपराधों पर प्रभावी रोक लगा सकते हैं.

### एक नजर में

## चौथी मंजिल से गिरी नायब तहसीलदार की मौत

**विदिशा 25 नवम्बर.** मंगलवार दोपहर 12 बजे के लगभग सांची रोड स्थित शासकीय आवास के एफ ब्लॉक में तीसरी मंजिल पर रहने वाली विदिशा तहसील के खामखेड़ा-पीपलखेड़ा सर्कल की नायब तहसीलदार कविता कंडेला की चौथी मंजिल से गिरकर मौत हो गई है. छत से गिरने के बाद उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया. जहां उपचार के पहले ही उनकी मौत हो गई. वहीं घटना की जानकारी लगते ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी शासकीय आवास पर पहुंचे. घटना के बाद राजस्व परिसर को पूरी तरह सील कर दिया गया है. फॉरेंसिक टीम सहित पुलिस द्वारा बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है. वहीं इस मामले में टीआई कोतवाली आनंद राज ने बताया कि पुलिस मौके पर हर सबूत खंगाल रही है. छत के किनारों, सीढ़ियों और घटना स्थल पर मिले संभावित निशानों की जांच जारी है. कविता के परिजनों को सूचना दे दी गई है. जिनके बयान पुलिस के लिए बेहद अहम होंगे. परिजनों के आने के बाद पीएम कराया जाएगा, उनकी मौजूदगी में ही घर के अंदर की तलाशी ली जाएगी।

## गौरक्षकों ने गौवंश से भरा ट्रक पकड़ा

**सीहोर 25 नवंबर.** ट्रक में भरे टॉट के बंडलों को जब हटाकर अंदर देखा तो वहां मौजूद गौरक्षकों के कलेजे हिल गए. ट्रक के अंदर गौवंश को निर्दयतापूर्वक बांधकर रखा गया था. उनके ऊपर बोरों के बंडल रखे थे ताकि उनकी आवाज बाहर न आ सके. गौ तस्करों का पीछा करते आ रहे राजस्थान के गौरक्षकों ने स्थानीय गौरक्षकों की मदद से दोराहा थाना क्षेत्र के इमलिया टप्पर के समीप ट्रक को रोक लिया. इस दौरान चालक व क्लीनर कूदकर भाग निकलने में कामयाब हो गए जबकि दो लोगों को दबोच लिया गया. गौवंश की तस्करी में लिप्त ट्रक की नंबर प्लेट को हटाकर देखा गया तो एक और नंबर प्लेट अंदर लगी मिली. पुलिस ने हिरासत में लेकर आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है. जिले की सीमा से अवैध रूप से गौवंश का परिवहन करने वालों के खिलाफ मंगलवार को गौरक्षकों को बड़ी सफलता मिल गई. बताया जाता है कि राजस्थान के टोंक जिले से एक ट्रक क्रमांक आरजे 26जीए 7357 जूट के बोरों के बंडल भरकर चला था. सूत्रों की मानें तो राजस्थान के गौरक्षकों को भनक लग गई थी कि ट्रक में गौवंश का परिवहन किया जा रहा है. इस दौरान उन्होंने श्यामपुर- दोराहा के हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं को सूचित किया. दोराहा थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया टप्पर के समीप ट्रक को रोका गया तो उसका चालक और क्लीनर कूदकर भाग निकले. इस दौरान सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी.

## दुग्ध उत्पादन दोगुना करने लक्ष्य लेकर कार्य करें

**भोपाल, 25 नवंबर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गोपालन को बढ़ावा देने के कार्य निरंतर संचालित किए जाएं. दुग्ध सहकारी समितियों की संख्या में निरंतर वृद्धि होना चाहिए. प्रदेश में दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पशुपालन और डेयरी विभाग सभी कार्य सुनिश्चित करें. गत दो वर्ष में डेयरी विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां भी अर्जित हुई हैं. इन्हें निरंतर कायम रखा जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए. बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में एक वर्ष में करीब 1000 नई दुग्ध सहकारी समितियां गठित की गई हैं. साथ ही 585 निष्क्रिय समितियों को गतिशील बनाया गया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में वर्तमान में कार्यरत पशु चिकित्सालयों और पशु औषधालयों की जानकारी प्राप्त की. बताया गया कि प्रदेश में 1065 पशु चिकित्सालय स्थापित हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिक्त पदों की पूर्ति शीघ्र करने के निर्देश दिए. बैठक में जानकारी दी गई कि लोकसेवा आयोग द्वारा शीघ्र ही 200 पशु चिकित्सकों के चयन की कार्यवाही पूर्ण की जा रही है. इसी तरह कर्मचारी चयन मंडल ने 500 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के पदों की पूर्ति के लिए परिणाम घोषित किए हैं.

# काम में देरी पर 280 एजेंसियां ब्लैकलिस्ट

## 22 ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों के साथ अनुबंध भी समाप्त

- 10 अफसरों के खिलाफ कार्रवाई
- फर्जी बैंक गारंटी मामले में सीबीआई में केस दर्ज

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 25 नवंबर. प्रदेश में जल जीवन मिशन के कामों के क्रियान्वयन में विलंब करने के कारण अभी तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कुल 280 एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया गया है.**

वहीं 22 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टिड कर अनुबंधों को निरस्त कर दिया गया है. जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ताविहीन सामग्री आपूर्ति तथा निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करने वाले 10 अधिकारियों के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है. इसी तरह फर्जी बैंक गारंटी जमा करने का मामला जब विभाग के संज्ञान में आया तो उस ठेकेदार के विरूद्ध विभाग ने न केवल टर्मीनेशन की कार्यवाही की बल्कि ठेकेदार के विरूद्ध सी.बी.आई. में केस भी दर्ज कराया है. विभाग ने अब तक लगभग 30 करोड़ की पेनाल्टी भी एजेंसियों पर लगाई है.

यह जानकारी मंगलवार को मुख्य सचिव अनुराग जैन को विभाग के प्रमुख सचिव पी.नरहरि ने दी. मुख्य सचिव ने मंत्रालय में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की. इस दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन की शेष योजनाओं में कार्य की गति तेज करते हुए हर ग्राम के हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए. गुणवत्ता नियंत्रण एवं नियमित पुनरीक्षण की सभी प्रक्रियाओं को मजबूती से लागू किया जाए.

शासन की मंशा है कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अख्तियार की जाए. उन्होंने अब तक 80 लाख 52 हजार 82 घरों तक नल कनेक्शन दिए जाने के कार्य पर संतोष जताया. बैठक में बताया गया कि यह प्रगति 72 प्रतिशत से अधिक है और मध्यप्रदेश देश में अग्रणी राज्य बन रहा है. प्रमुख सचिव श्री पी. नरहरि ने बताया कि विभाग द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे है कि जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय - सीमा में पूर्ण हों एवं किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता न हो.

### 141 अफसरों ने त्रुटिपूर्ण डीपीआर तैयार की

प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी. नरहरि द्वारा पुनरीक्षित योजनाओं के योजनावार परीक्षण के लिए संबंधित मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में जिलेवार पुनरीक्षण योजना परीक्षण समिति का गठन किया गया था, जिसमें जल निगम के अधिकारियों को भी शामिल किया गया. इस समिति द्वारा 8358 एकल ग्राम नल जल योजनाओं की पुनरीक्षित योजनाओं का योजनावार परीक्षण किया. उपयंत्री से लेकर कार्यपालन यंत्री स्तर तक के 141 अधिकारियों को ग्रामों की मूल योजनाओं की त्रुटिपूर्ण डीपीआर तैयार करने के कारण कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं.



# सकारात्मक सोच से जीवन में बदलाव पर जोर

### एम्स भोपाल में 'द पावर ऑफ वन थॉट' पर प्रेरक सत्र

**भोपाल, 25 नवंबर. एम्स भोपाल में 'द पावर ऑफ वन थॉट' विषय पर प्रेरक और ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया. इस सत्र को प्रो. (डॉ.) मोहित दयाल गुप्ता (डायरेक्टर-प्रोफेसर, कार्डियोलॉजी विभाग, जी.बी. पंत अस्पताल एवं मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली) ने संबोधित किया.**

प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट, दूरदर्शी शिक्षक एवं प्रतिष्ठित टेडएक्स वक्ता, डॉ. गुप्ता ने बताया कि एक सकारात्मक और सशक्त विचार व्यक्ति के जीवन में गहरा बदलाव ला सकता है और बेहतर दिशा दिखा सकता है. कार्यक्रम में एम्स भोपाल के विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. वक्ता ने सरल और वैज्ञानिक तरीके से समझाया कि मन में उठने वाले विचार हमारी मानसिक शांति, व्यवहार, निर्णय क्षमता और दैनिक जीवन की परिस्थितियों को प्रभावित करते हैं. यदि व्यक्ति अपने विचारों को पहचानना और दिशा देना सीख ले, तो वह तनाव, कार्यस्थल और निजी जीवन की चुनौतियों को बेहतर तरीके से संभाल सकता है.

कार्यक्रम में एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) माधवानंद कर, डीन (एकेडमिक्स) प्रो. (डॉ.) रजनीश जोशी, डीन (अनुसंधान) प्रो. (डॉ.) रेहान उल हक तथा उपनिदेशक (प्रशासन) श्री संदेश कुमार जैन की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया.

### हमें अपनी सोच को समझने की आवश्यकता

प्रो. (डॉ.) मोहित गुप्ता ने जीवन से जुड़े उदाहरणों, वैज्ञानिक तथ्यों और प्रेरक अनुभवों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि हमें अपनी सोच को समझने और नियंत्रित करने की आवश्यकता है. सत्र में प्रतिभागियों को स्पष्टता, धैर्य, माइंडफुलनेस, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की व्यवहारिक तकनीकों से भी अवगत कराया गया, जो किसी भी आम नागरिक द्वारा अपने दैनिक जीवन में अपनाई जा सकती हैं.

# एसआईआर : मप्र बड़े राज्यों में तीसरे स्थान पर

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 25 नवंबर.भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में देशभर के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य में मध्यप्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है.**

मप्र ने 72.72 प्रतिशत कार्य पूरा कर अब तक के आंकड़ों में देश में10 बड़े राज्यों में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है. प्रदेश में कुल 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 गणना पत्रकों में से 4 करोड़ 18 लाख से अधिक पत्रकों का डिजिटाइजेशन सफलता पूर्वक पूरा किया गया है. यह उपलब्धि तकनीकी दक्षता, टीमवर्क और जिला स्तर तक सतत मॉनिटरिंग का परिणाम है. सीईओ संजीव कुमार झा ने इस प्रगति पर कहा कि प्रदेश में एस आई आर अभियान को समय सीमा में पूरा करने के लिए निरंतर समन्वित प्रयास जारी हैं, इसी के परिणामतः प्रदेश इस स्थान पर पहुंच पाया है. मध्यप्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्य को आम नागरिकों के लिए अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न जिलों में शिविर, ऑनलाइन सुविधा और बूथ स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं. आगामी दिनों में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास और अधिक तेज किए जाएंगे.

### आमला विस क्षेत्र में सौ फीसदी डिजिटाइजेशन

**भोपाल, 25 नवंबर.** पूरे प्रदेश में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर-2026 अभियान के तहत बैतूल जिले की आमला विधानसभा ने अद्वितीय सफलता अर्जित करते हुए मप्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. आमला विधानसभा प्रदेश की पहली ऐसी विधानसभा बनी है जिसने 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले पूरा कर रिकॉर्ड कायम किया है. कुल 2,19,778 मतदाताओं के विवरण का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन सफलतापूर्वक पूर्ण कर आमला विधानसभा ने प्रदेशभर के निर्वाचन प्रबंधन के लिए एक उत्कृष्ट मानक स्थापित किया है. जिला प्रशासन बैतूल, बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स की कठिन परिश्रमपूर्ण मैदानी कार्यशैली-इन सभी का समन्वित परिणाम रहा कि विधानसभा क्षेत्र ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की. सीईओ मप्र संजीव कुमार झा ने कार्य की सराहना करते हुए आमला विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ, सुपरवाइजर्स, आरओएस, एआरओएस, जिला प्रशासन, जनपद व नगरीय निकायों की टीम तथा सहयोगी नागरिकों को बधाई दी.

## दूध लेकर लौट रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत

**गुना.** शहर के बलवंत नगर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक हादसे ने परिवार की खुशियाँ पलभर में छीन लीं। दूध लेकर घर लौट रहा 15 वर्षीय छात्र देव राठौर स्कूटी फिसलने से बुरी तरह घायल हो गया और जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन सदमे में आ गए और अस्पताल में जमकर हंगामा किया। देव राठौर मूल रूप से भिंड जिले के दबोह थाना क्षेत्र के गोरा गांव का रहने वाला था। फिलहाल वह गुना में रहकर निजी स्कूल में पढ़ाई करता था। परिवार ने बताया कि रोजाना की तरह वह सुबह लगभग 9 बजे दूध लेने निकला था। वंदना स्कूल के पास स्थित डेयरी से दूध लेकर लौटते समय सडक़ों पर जमा पानी उसकी मौत की वजह बन गया.

## हनुमानजी के माथे से सोने का तिलक चोरी

**मुलताई।** पवित्र नगरी में स्थित बड़े हनुमानजी के मंदिर से अज्ञात चोरो ने मंगलवार को दिन दहाड़े हनुमानजी की प्रतिमा के माथे पर लगा सोने का तिलक चोरी कर लिया। चोरी की लिखित रिपोर्ट मंदिर के पुजारी द्वारा थाने मे दी है।

**Land for Sale at Kaanha (M.P.)**

Clear title land for sale in Kaanha. Ideal for farmhouse and residential plotting. Contact **9074747174 / 9072311440** for further details.

**नाम परिवर्तन सूचना**

MOHAMMAD MAJID ANSARI S/O MOHAMMAD ISMAIL KHAN आयु व्यस्क निवासीः 18 मेघवार पूरा गली न 3 भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम KHAN MOHAMMAD MAJID दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम MOHAMMAD MAJID ANSARI हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद विवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं में रहूँगा।

### पत्रकार वार्ता | पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने दी जानकारी

# उद्योग और वेयरहाउस से टैक्स लेंगी पंचायतें

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 25 नवंबर. प्रदेश की पंचायतें अब आमदनी बढ़ाने के लिये पंचायत क्षेत्र में स्थापित उद्योगों और वेयर हाउस से टैक्स भी वसूलेंगी.**

यह जानकारी मंगलवार देर शाम कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने दी. उन्होंने कहा कि पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना होगा. इसके लिये वे टैक्स कलेक्शन का दायरा बढ़ा सकते हैं. वे मनोरंजन टैक्स, संपत्ति प्रबंधन सहित संपत्तियों के प्रबंधन सहित अन्य कामों के जरिये कमाई कर सकते हैं. जिस तरह शहरी क्षेत्रों में निकाय कमाई के नये रास्ते तलाशते हैं, उसी तरह पंचायतें भी अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर कर सकते हैं. कई पंचायतों ने इस पर अमल करना शुरू कर दिया है और उसके बेहतर नतीजे आये हैं. उन्होंने बताया कि सागर जिले के रहली पंचायत ने बाहर से आने वाले लोगों का पंजीयन अनिवार्य कर दिया है. पंचायत क्षेत्र में बनी दुकानों का 17-17 साल से आक्शन नहीं किया गया है. इसकी व्यवस्था को बदला गया है. विज्ञापन के लिये एलसीडी का प्रदर्शन पंचायत क्षेत्र में किया जा सकता है. इससे भी आमदनी बढ़ेगी. ईसागढ़ में सामुदायिक भवन को सरकारी कार्यक्रमों के लिये किराये पर दिया जाता है, इससे पंचायत की आमदनी बढ़ी है. मंत्री पटेल ने बताया कि तीन दिनी आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मप्र कार्यशाला में पंचायत जन प्रतिनिधियों ने पंचायतों का अर्बन कांसेप्ट में रोड मैप तैयार करने के लिये भी सुझाव दिये हैं. पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चाएं अत्यंत सकारात्मक रहीं.



बुधवार को कार्यक्रम का समापन दिवस है जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी. उन्होंने यह स्पष्ट किया कि कमजोरियां दोनों पक्षों में होती हैं. अधिकारियों में भी और जनप्रतिनिधियों में भी, इसलिए सुधार की दिशा में संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं. दुकानों के ऑक्शन न होने की समस्या पर समाधान की दिशा में कार्य हो रहा है. पंचायत में सड़क निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए. उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि पंचायतें मजबूत हों.

## मिलीभगत से आम जनता परेशान

**आनंदपुर 25 नवम्बर.** भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों के घरेलू गैस सिलेंडर अब खुलेआम ब्लैक में बिक्री रहे हैं. यह सब तब हो रहा है जब शासन और प्रशासन के अधिकारी क्षेत्र में रोजाना निरीक्षण और निगरानी की बात करते हैं. शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक घरेलू गैस की किल्लत ने आम लोगों की रसोई ठंडी कर दी है, वहीं गैस एजेंसियों के आसपास सक्रिय दलालों ने इस मौके को मुनाफाखोरी का जरिया बना लिया है. नागरिकों के अनुसार, एक सिलेंडर जिसकी सरकारी कीमत 878.50 है, वह ब्लैक में 950 से 1300 तक में बेचा जा रहा है. स्थिति इतनी गंभीर है कि जरूरतमंद परिवारों को मजबूरी में अतिरिक्त पैसे देकर ही गैस सिलेंडर लेना पड़ रहा है.

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**

**Water Work Department**

**Municipal Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal, Ph.No.0755-2701669**

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtained detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in
Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT No. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | 11/EE./NWSP/ WWD/2025-26 Second Call | 2025_UAD _458320_2 | Removing, repairing the spare parts of Kirloskar make BHR-70 model VT Pump No.4 and Pump No.5 at raw water Hirani, Repairing NRV valves of Hirani, Khatpura and Ahmedpur pump house under Narmada water supply project Bhopal | 8,14,000.00 | 8,140.00 | 01.12.2025 |

T.N. 2726/025/026

**Executive Engineer (WWD)**
**Municipal Corporation, Bhopal**